MAY
2
रांची,गुरुवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
dailykhabar99.com

# डेली खबर 99

सच्चाई का उजागर

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99



## पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने की कांग्रेस की तारीफ, भड़की भाजपा, कहा- आज रिश्ता साफ हुआ



**डेली खबर 99- सवांददाता, नई दिल्ली**

अमित मालवीय ने इमरान खान की कैबिनेट में हुसैन की पिछली भूमिका की ओर इशारा करते हुए पाकिस्तान के साथ कांग्रेस के जुड़ाव पर सवाल उठाया। वहीं, शहजाद पूनावाला ने भी कांग्रेस पर पाकिस्तान के साथ गठबंधन करने का आरोप लगाया।भारत में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में पहले से ही हलचल मची हुई है। आरोप- प्रत्यारोप का दौर जारी है। ऐसे में एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस के बीच तनाव पैदा हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सोशल मीडिया पर तारीफ की है। इसी पोस्ट को लेकर भाजपा ने विपक्षी पार्टी को आड़े हाथ ले लिया है।

### फवाद हुसैन ने की तारीफ

पूर्व पाकिस्तानी मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने बुधवार को एक्स पर राहुल गांधी के भाषण के कुछ अंश साझा किया। साथ ही उन्होंने लिखा, 'राहुल ऑन फायर'।

### अमित मालवीय ने साधा निशाना

## अमेठी-रायबरेली से राहुल-प्रियंका की उम्मीदवारी को लेकर जयराम रमेश बोले- शाम तक होगी घोषणा



भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद ही यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा दक्षिण में साफ और उत्तर में हाफ। दूसरे चरण में भाजपा की सीटें बहुत कम हो जाएंगी।कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारी पर पार्टी नेता जयराम रमेश ने बात की है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस चुनाव समिति ने पूरी जिम्मेदारी पार्टी अध्यक्ष को दी है। उन्होंने बताया कि उनका मानना है कि आज शाम तक आधिकारिक घोषणा हो जाएगी।

## अश्लील वीडियो मामले में प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ीं



अश्लील वीडियो मामले में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और कर्नाटक के हासन से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री डा. जी परमेश्वर ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों में प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए एक लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है।


### लुकआउट नोटिस जारी

प्रज्वल के विदेश में होने के कारण मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होने के लिए सात दिन और मांगे जाने पर गृह मंत्री ने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय देने का कोई प्रावधान नहीं है। गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा, यह पता चलने के तुरंत बाद एक लुकआउट नोटिस जारी किया गया है कि प्रज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। हमने सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को लुकआउट नोटिस के बारे में सूचित कर दिया है।

### प्रज्वल के कई वीडियो आए सामने

प्रज्वल पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। कथित तौर पर 33 वर्षीय सांसद से जुड़े कुछ वीडियो क्लिप हाल के दिनों में हसन में प्रसारित हुए थे। इन वीडियों से महिलाओं से यौन शोषण की बात सामने आई थी। प्रज्वल हसन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था।

# बनासकांठा में बोले पीएम मोदी- कांग्रेस शिवभक्तों और रामभक्तों को लड़ाना चाहती है, मुगल भी ऐसा नहीं कर सके



लोकसभा चुनाव में पाकिस्तान भी एंट्री हो गई है। पाकिस्तान में इमरान खान सरकार में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए वीडियो शेयर किया तो भाजपा ने इसे तत्काल मुद्दा बना लिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के आणंद में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस के बीच पार्टनरशिप है। कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद है।इसके बाद पीएम मोदी ने बनासकांठा में रैली को संबोधित किया। बोले - हिंदू समाज को बांटने के लिए खेल खेला गया है। वे लोग रामभक्तों और शिवभक्तों में भेद करके लड़ाना चाहते हैं। हजारों-हजार साल से चली आ रही हमारी परंपराएं... वो परंपराएं जिन्हें मुगल भी तोड़ नहीं पाए, अब कांग्रेस उन्हें तोड़ना चाहती है। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस और कितना नीचे गिरेगी?

## पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

@BJP4India के अनुसार, पीएम मोदी ने कहा- देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। कांग्रेस के 60 साल में करीब 60% ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई, यानी कि 20% से भी कम घरों में। 10 साल में ही नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या आज 14 करोड़ हो गई है, यानी 75% घरों में नल से जल पहुंचा है।

## पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

# कितने पढ़े-लिखे हैं PM मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले Shyam Rangeela?



साल 2014 से बनारस लोकसभा सीट पर नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से इस बार भी (Lok Sabha Election 2024) अजय राय, पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले हैं। इस बार इस लोकसभा सीट पर मुकाबला और रोचक बन चुका है। मशहूर कॉमेडियन श्याम रंगीला ने इस सीट से पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। श्याम रंगीला निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसकी जानकारी दी है।

# गुजरात के साबरकांठा में पार्सल खोलते ही जोरदार धमाका, पिता और बेटी की मौत



साबरकांठा के वडाली के वेदा गांव में ऑनलाइन पार्सल ब्लास्ट में दो लोगों की मौत हो गई। घटना में अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑनलाइन ऑर्डर किए गए बिजली के सामान में विस्फोट होने से एक 11 वर्षीय लड़की और एक 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। धमाका इतना जोरदार था कि घटनास्थल के आसपास अफरा-तफरी मच गई।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, वडाली तालुका के वेद गांव में एक व्यक्ति ने इलेक्ट्रिक आइटम का ऑनलाइन ऑर्डर किया था। जिसका पार्सल आया था। पार्सल खुलते ही जोरदार धमाका हुआ। पार्सल खोलने वाले एक 30 वर्षीय व्यक्ति और एक 11 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक और जिला एलसीबी सहित वडाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की आगे की जांच कर रही है।स्थानीय लोगों के मुताबिक, पार्सल खोलने वाले युवक की कलाई कट गई थी। इतना ही नहीं युवक के सीने में भी गोली मारी गई है। इस घटना में युवक और किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई है, इसलिए घरवाले दिखावा कर रहे हैं कि पार्सल अज्ञात इसाम ने दिया था।



डेली खबर 99
सच्चाई का उजागर



# जमशेदपुर के बागबेड़ा में 2 बाइक पर 4 अपराधी और ताबड़तोड़ फायरिंग, महिला समेत 3 लोगों को लगी गोली



जमशेदपुर के बागबेड़ा थानांतर्गत सिदो-कान्हू मैदान स्थित गणेश नगर के पास 2 बाइक पर सवार 4 अपराधियों ने विजय कुमार उर्फ मोनू पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. फायरिंग के दौरान एक महिला समेत 3 लोग घायल हो गए. तीनों को इलाज के लिए टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है.घटना गुरुवार (2 मई) की सुबह करीब 9 बजे की है. मोनू को पेट और हाथ में गोली लगी है. पड़ोस की महिला ललिता देवी और पुट्टी मिस्त्री अनिल साहू को पैर में गोली लगी है. तीनों घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं. फायरिंग की वजह पुराना संपत्ति विवाद बताया जा रहा है.

### कन्हैया सिंह पर जताया जा रहा है फायरिंग करने का शक

घटना की सूचना मिलने के बाद जमशेदपुर के सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने मौके से 4 खोखा भी बरामद किया है. फायरिंग करने का शक कन्हैया सिंह पर जताया जा रहा है. हालांकि, पुलिस मोनू से घटना के बारे में विशेष रूप से पूछताछ कर रही है.घटना के संबंध में मोनू के परिजनों ने बताया कि मोनू अपने घर के बाहर खड़ा होकर पुट्टी मिस्त्री से बात कर रहा था. उसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर 4 अपराधी अचानक से आये और मोनू पर फायरिंग कर दी. फायरिंग के दौरान पहली गोली पुट्टी मिस्त्री अनिल साहू के हाथ में लगी. गोली चलाते देख मोनू ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन अपराधियों की गोली उसके पैर में लगी.




# रांची के खलारी में सड़क हादसा, होमगार्ड जवान की पत्नी और दो बच्चों के साथ मौके पर हो गई मौत




**रांची:** झारखंड में चतरा और रांची सीता पर स्थित पिपरवार के बेलवाटांड़ चौक के निकट बुधवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में होमगार्ड जवान पंकज कुमार, उनकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। जबकि हादसे में एक बच्चा बुरी तरह से घायल भी हुआ है। घायल बच्चे की स्थिति भी गंभीर है और उसे रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया है।

### होमगार्ड जवान, पत्नी और दो बच्चों की मौके पर ही मौत

खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि चतरा जिले में तैनात होमगार्ड जवान पंकज कुमार अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ बाइक से पिपरवार की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान एक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से पंकज कुमार और उनकी पत्नी गुड़िया देवी की मौत हो गई। वहीं हादसे में दो बच्चे राजदीप और सलोनी की मौत हो गई। वहीं हादसे में होमगार्ड जवान का एक बेटा दीपराज बुरी तरह से घायल हो गया।

### बाइक पर 5 लोग थे सवार

पुलिस के अनुसार मृतक होमगार्ड जवान पंकज कुमार टंडवा सीडीपीओ के यहां ड्यूटी पर तैनात था। वो प्रतापपुर से पिपरवार अपनी ड्यूटी में पूरे परिवार के साथ जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और पांचवां बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

डेली खबर 99
सच्चाई का उजागर
रांची
रांची,गुरुवार
02.05.2024


# अमित शाह फेक वीडियो मामला : दिल्ली पुलिस पहुंची तेलंगाना, झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष को पूछताछ के लिए बुलाया



**सवांददाता, रांची**

गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम तेलंगाना पहुंची है. दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक दिल्ली पुलिस की टीम आज तेलंगाना कांग्रेस प्रदेश कार्यालय जा सकती है. इस मामले में ये टीम कांग्रेस से जुड़े 4 पदाधिकारियों को दुबारा नोटिस दे सकती है. सूत्रों के मुताबिक पुलिस इन सभी लोगों से इनका इलेक्ट्रानिक डिवाइस भी मांग सकती है.

## झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष को समन

अमित शाह के फ़र्ज़ी वीडियो के मामले में दिल्ली पुलिस ने झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर को आज पूछताछ के लिए बुलाया है. राजेश ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने 29 अप्रैल को नोटिस भेजा था. उनसे मोबाइल फ़ोन या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट साथ लाने को कहा गया है जिसके ज़रिए फ़र्ज़ी वीडियो को सर्कुलेट किया गया था. राजेश ठाकुर ने इस नोटिस पर क़ानूनी सलाह लेने की बात कही है. मंगलवार को राजेश ठाकुर ने दिल्ली पुलिस द्वारा जारी किए गए नोटिस पर कहा था, "दिल्ली पुलिस से मुझे नोटिस मिला. लेकिन यह मेरी समझ से परे है कि मुझे नोटिस क्यों दिया गया है. यह अराजकता के अलावा और कुछ नहीं है."तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी समेत कुल 17 लोगों को मामले के जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया है.







# तीसरे फेज की वोटिंग से पहले हेमंत सोरेन को लगा तगड़ा झटका, PMLA कोर्ट ने 14 दिनों के लिए बढ़ाई न्यायिक हिरासत



**सवांददाता, रांची**

रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। हेमंत सोरेन को अब 16 मई तक रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में रहना होगा।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए पेशी

गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई। जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम की भी आज अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई।

## आठ एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदने का है आरोप

बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल में साढ़े आठ एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने के मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को बीते 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं।

# मादक पदार्थ के साथ नशे का कारोबारी गिरफ्तार, जेल



**सवांददाता, चौपारण**

**चौपारण (हजारीबाग)**: थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में लगातार अवैध कार्यों पर कार्रवाई की जा रही है,मंगलवार रात्रि में भी नशे के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए फिल्मी स्टाईल में मास्टरमाइंड एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया।इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना दी गयी कि ग्राम-बेला निवासी मुकेश कुमार दांगी के द्वारा ग्राम-वेला चौक के पास ब्राउन सुगर एवं हेरोइन का खरीद-बिकी करने की सूचना है, जिसका सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई हेतु आदेशित किया गया। प्राप्त आदेश के आलोक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार एवं थाना प्रभारी,चौपारण दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापमारी दल का गठन किया गया,प्राप्त सूचना के आलोक में जांच-पड़ताल करने पर पाया गया कि मुकेश कुमार दांगी पिछले कुछ वर्षो से बेला चौक के पास चोरी-छीपे नवयुवकों को ब्राउन सुगर एवं हेरोईन का सप्लाई/ बिक्री करते आ रहा है और आज भी कुछ युवक उससे मादक पदार्थ खरीदने हेतु पहुंचे हुए है, तत्पश्चात मुकेश कुमार दांगी को पकड़ने हेतु बेला चौक की ओर बढ़ने लगा तो मुकेश कुमार दांगी एवं उसके पास खड़े युवक पुलिस बल को आता हुआ देखकर वहां से इधर-उधर भागने का प्रयास करने लगा, जिनमें एक व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ लिया गया, जिसके द्वारा पूछताछ के क्रम में अपना नाम मुकेश कुमार दांगी पिता-सेवा महतो ग्राम-बेला थाना-चौपारण जिला-हजारीबाग बताया, जिसके पास से तलाशी के क्रम में बांये पॉकेट से 02 पीला रंग का छोटा-छोटा प्लास्टिक में रखा कुल 09 कागज का पुड़िया बरामद हुआ,जिसमें से 04 कागज के पुड़िया में 4.5 ग्राम ब्राउन सुगर एवं 06 कागज के पुड़िया में 6 ग्राम हेरोईन, 2200/रू० नकद एवं एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल बरामद हुआ। इस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड संख्या-140/24 धारा-414 भा०द०वि०, 21(c)/22(c)/29 NDPS Act के अंतर्गत दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेजा गया।

## चौपारण के भटबिगहा में अवैध पत्थर खदान में दुर्घटना, अवैध खदान धसने से एक व्यक्तिकी मौत



**चौपारण:** चौपारण के भटबिगहा में अवैध पत्थर खदान में दुर्घटना। सुबह लगभग नौ बजे खदान धंस जाने से एक मजदूर दब गया। अवैध खनन से जुड़े तत्वों ने मामला दबाये रखा। बाद में प्रशासन को सुचना दी गई। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह और सीओ संजय यादव घटनास्थल पर मौजूद हैं। शव निकालने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु खदान अधिक गहरा होने से शव के निकालने में चौबीस घंटे से अधिक समय लग सकता है। चौपारण प्रखंड का भटबिगहा से सटे सलौनियां, ढाब आदि जगहों पर खनन तथा स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से बडे पैमाने पर वैध तथा अवैध खनन होता है। आबादी वाले इलाके में भारी विस्फोट किया जाता है। सुरक्षा के मापदंड का इस्तेमाल नहीं होता है। अवैध खनन का नेटवर्क बडा लंबा है जिसके परिणामस्वरूप एक मौत हुई है। खबर है कि यहां से उगाही भी होती है.

## कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने किया नामांकन, उनके समर्थन में विधायक अमित कुमार यादव जी ने चुनावी सभा



**सवांददाता, कोडरमा**

कोडरमा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी ने गिरिडीह समाहरणालय में आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में आयोजित नामांकन जनसभा को माननीय विधायक श्री अमित कुमार यादव जी ने संबोधित किया। इस सभा में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता कर्मवीर सिंह, जमुआ विधायक केदार हाजरा, कोडरमा विधायक नीरा यादव, पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, अशोक उपाध्याय, मुकेश जालान समेत कई अन्य भाजपा नेता शमिल हुए।


## विप्र समाज की हुई मासिक बैठक

**विष्णुगढ़:** विष्णुगढ़ के अस्पताल चौक में स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम विद्यालय परिसर में बुधवार की शाम विप्र समाज विष्णुगढ़ की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विप्र समाज के प्रखंड अध्यक्ष रोहिता नंद मिश्र ने किया तथा इसका संचालन यशवंत मिश्रा ने किया। विप्र समाज के द्वारा आयोजित इस बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी समिति की एक आपातकालीन बैठक आगामी 11 म ई ,2024 , दिन शनिवार को विवेकानंद सेवा आश्रम विद्यालय परिसर में होगी। कहा गया कि इस बैठक में विप्र समाज के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष , संरक्षक , सचिव , संयुक्त सचिव , एवं कोषाध्यक्ष समेत कार्यकारिणी के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। वहीं बैठक का समय संध्या छह बजे निर्धारित किया गया है । इस बैठक में मुख्य रूप से विप्र समाज के प्रखंड अध्यक्ष रोहिता नंद मिश्र , यशवंत मिश्रा, महेंद्र नाथ मिश्रा , रबीन्द्र कुमार पाठक, सुनील कुमार अकेला, अनंत वैद्य संजीत मिश्रा , निरंजन मिश्रा , एवं दीनानाथ पांडेय समेत विप्र समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आदेश का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर होगी कारवाई



**बरही ।** भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने केजी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक को अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया है. यह आदेश आवासीय विद्यालय को छोड़ सभी प्रकार के सरकारी, गैर सरकारी, अल्पसंख्यक, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों के लिए लागु होगा. जबकि कक्षा 9 से ऊपर के कक्षाओं का क्लास जारी रहेगा. इस दौरान सभी शिक्षक विद्यालय में उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन, परीक्षा फल प्रकाशन, रिपोर्ट कार्ड की तैयारी, छात्रावास विद्यार्थियों के प्राप्तांक को ई विद्या वाहिनी में प्रविष्टि करना इत्यादि कार्य संपादित करेंगे. यह सभी कार्य विद्यालय में रहकर ही संपादित करना है. उक्त आदेश के आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने पत्र जारी कर सभी विद्यालय प्रधान को शिक्षा सचिव के इस आदेश को पालन करने का निर्देश दिया है. बीईईओ ने अपने आदेश में यह भी अंकित किया है कि विभिन्न स्रोतों से यह भी जानकारी मिली है कि कुछ निजी विद्यालय सरकार के आदेशों का उल्लंघन कर विद्यालय चल रहे हैं, जो अनुचित है. उन्होंने अपने आदेश में स्पष्ट निर्देशित किया है कि सभी निजी विद्यालय सरकार के आदेशों का अक्षरशः पालन कर अगले आदेश तक कक्षा 8 तक की सभी कक्षाएं बंद रखे. पकड़े जाने पर ऐसा नहीं करने वाले विद्यालयों के खिलाफ सख्त कारवाई की जायेगी.




# साइंस एकेडमी की छात्रा इंटर विज्ञान में अनुमंडल टॉपर, शत प्रतिशत रहा रिजल्ट



**बरही ।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल 2024 की परीक्षा में साइंस एकेडमी के विद्यार्थी एक बार फिर अपने संस्थान का नाम रौशन किए है. इस संस्थान की शीतल कुमारी 87% अंको के साथ इंटर विज्ञान में अनुमंडल टॉपर बनी है. जानकारी देते हुए संस्थान के संचालक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि उनके संस्थान से इस वर्ष कुल 32 विद्यार्थी इंटर विज्ञान की परीक्षा में शामिल हुए थे. जिसमे 29 छात्राएं और 3 छात्र शामिल है. इनमे सभी परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर कर संस्थान का गौरव कायम रखा है. उन्होंने बताया कि उनके संस्था में अध्यनरत प्रिया कुमारी पांडे 84% अंकों के साथ प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा की टॉपर और 86% अंको के साथ सृष्टि कुमारी प्लस टू उच्च विद्यालय बरही की थर्ड टॉपर बनी है. वही विकास 83, गुनगुन 81, रितिका 80, लक्ष्मी, रिया, बुलबुल 75, उजाला 73, प्रियांशु रिया 70, अनु प्रिया 67, इशिका 65, शैली 62 फीसदी अंको से सफल हुए है. संस्था निदेशक ने बताया कि उनके संस्थान पिछले 15 वर्षों से बरही में विज्ञान की शिक्षा दे रही है. उनके सभी विद्यार्थियों ने अब तक श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अनुमंडल में संस्थान का नाम रौशन किया है. उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उत्तर शिक्षा हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी है.




# Madhepura चुनावी सभा में खूब गरजे नीतीश, गिना दिए अपने सारे कामकाज




**सवांददाता, मधेपुरा**

उदाकिशुनगंज में नीतीश कुमार ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा करते राजद और कांग्रेस पर जोरदार हमला किया. उन्होंने कहा कि मेरे लिए पूरा बिहार एक परिवार की तरह है. कुछ लोग अपना परिवार पत्नी, बेटा, बेटी को मानते हैं. जदयू और बीजेपी का कोई परिवार है क्या. एनडीए प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव के समर्थन में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उदाकिशुनगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित हरिहर साहा महाविद्यालय मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते यह बातें कही. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साल 2005 के पूर्व के बिहार की याद दिलाते हुए कहा कि बिहार में भय एवं भ्रष्टाचार का माहौल था. उस समय बिहार का सालाना बजट 24 हजार करोड़ रूपया था, लेकिन अभी बिहार का सालाना बजट दो लाख 72 हजार करोड़ रूपया है. कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क सहित अन्य क्षेत्र में काफी विकास हुआ है. उन्होंने कहा कि बिहार के सभी मदरसा को मान्यता भी दे दी गई है. जिसे अन्य सरकारी स्कूलों की तरह लाभ भी दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि बिहार में चार लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया गया है और बहुत जल्द एक लाख और लोगों को रोजगार दिया जाएगा. इसलिए आप लोग दायें बाएं मत देखिए और एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से चुनाव जिताइये. उन्होने कहा कि लालू परिवार सिर्फ अपने ही परिवार के बारे में सोचता है और हम पूरे बिहार के बारे में सोचते हैं. इस दौरान मंच पर मंत्री विजय कुमार चौधरी के साथ एनडीए घटक दल के कई नेता मौजूद रहे. चिलचिलाती धूप में हजारों की संख्या में लोग मुख्यमंत्री को सुनने के लिए पहुंचे हुए थे.

## बिहार में लाखों युवाओं को दी गई नौकरी: सीएम

तीन लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है. एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए अंतिम प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है. राज्य में दस लाख सरकारी नौकरी के लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाएगा. वहीं महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है और बिहार में पुलिस सेवा में 35 हजार महिलाओं को नौकरी दी गई है. यह देश के किसी भी राज्य में नहीं हुआ है.



# कोविशील्ड विवाद पर तेजस्वी यादव का बड़ा बयान, जानें जांच के मुद्दे पर क्या बोले राजद नेता



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि यदि वैक्सीन को लेकर कुछ बात उठ रही है तो उसकी जांच होनी चाहिए. कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के ऊपर उठ रहे विवाद पर गुरुवार को जब तेजस्वी यादव से पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अभी इस मामले में उनको कोई जानकारी नहीं है. मामले की जानकारी लेने के बाद ही वो इस पर कुछ कह सकते हैं, वैसे उन्होंने कहा कि अगर किसी को कोई शंका पैदा हो रही है तो इसकी जांच होनी चाहिए.

## निर्वाचन आयोग पर सवाल

दो चरणों के चुनाव का देर से वोट परसेंटेज की घोषणा करने के मामले में निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पहले चुनाव होने के बाद 9 बजे तक ही इसकी घोषणा हो जाती थी, लेकिन इस बार निर्वाचन आयोग वोट परसेंटेज की घोषणा देर से कर रही है. चुनाव आयोग को इस मामले में ट्रांसपेरेंसी रखनी चाहिए. निर्वाचन आयोग द्वारा बार-बार आंकड़े बदल दिए जा रहे हैं और अब पता चला है कि वोट प्रतिशत 2 से 3% बढ़ गया है. पहले शाम तक ही हर बूथ पर कितना प्रतिशत वोट गिरा है. इसकी जानकारी मिल जाती थी. निर्वाचन आयोग द्वारा इस तरह का काम किया जा रहा है तो शंका बढ़ जाती है.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज

तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री म से महंगाई पर नहीं बोल पाते हैं. ग से गरीबी पर नहीं बोल पाते हैं. ब से बेरोजगारी पर नहीं बोल पाते हैं. यही कारण है कि उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया था.



# खुलेआम बॉयफ्रेंड का नाम गले में लटकाए इठलाती दिखीं जाह्नवी कपूर, दिखाई ऐसी अदाएं कि नजर न हटे

बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी अदाओं और लटकों-झटकों के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने रिलेशनशिप को लेकर इन दिनों चर्चा में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनका ग्लैमरस अवतार लोगों को काफी पसंद आता है। हाल में एक बार फिर एक्ट्रेस ग्लैम लुक में नजर आईं। एक बार फिर उन्होंने अपनी अदाओं के साथ ही अपने नेक पीस से लोगों का ध्यान खींचा। अब उनका ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है। एक्ट्रेस की ड्रेस और स्टाइल के साथ ही हर किसी की नजर उनके नेक पीस पर टिक गई है। आखिर इसमें ऐसा क्या था, ये आपको बताते हैं।


ALL NEW DOMINO'S. NOW MORE AFFORDABLE.
REVISED GST
18% > 5%
ORDER MORE. CELEBRATE MORE.
SOFT CRUST
TASTIER SAUCE
MORE CHEESE
MORE TOPPINGS
AAPNE KAHA, HUMNE KIYA.
Domino's Pizza


Dollar
Bigboss
PREMIUM INNERWEAR
Fit Hai Boss


ये है मोदी की गारंटी
फिर एक बार
मोदी सरकार
एयरपोर्ट, मेट्रो और हाइवे का करेंगे विस्तार
कमल का बटन दबाएं
भाजपा को जिताएं

SALE!
ABHI IT SERVICES
50% OFF
DIGITAL
MARKETING
EXPERT
न्यूज़ पोर्टल या किसी भी तरह की वेबसाइट बनाने के लिए संपर्क करें
TODAY
ONLY
@22,999
CONTACT US
8292706529
abhishekgahlot99999@.com


# विराट कोहली की बादशाहत खत्म, अब ये खिलाड़ी निकला उनसे आगे



आईपीएल में जहां टीमों के बीच संघर्ष चल रहा है, वहीं खिलाड़ी भी एक दूसरे से आगे निकलने में लगे हैं। जो बल्लेबाज सबसे ज्यादा रन बनाता है, उसे ऑरेंज कैप दी जाती है, वहीं सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज को पर्पल कैप मिलती है। इस बीच अब तक यहां पर बल्लेबाजों की लिस्ट में विराट कोहली का दबदबा था, लेकिन अब वे दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड ने पहले नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है।

चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड अब तक आईपीएल के इस सीजन में 10 मैच खेलकर 509 रन बना चुके हैं। उनके नाम एक शतक और 4 अर्धशतक दर्ज हैं। उन्होंने एक मैच में 108 रनों की नाबाद पारी भी खेली है। अगर गायकवाड के औसत की बात करें तो वो 63.63 का है, वहीं स्ट्राइक रेट 146.68 का है। इस बीच अब विराट कोहली दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, लेकिन वे रनों के लिहाज से ज्यादा पीछे नहीं गए हैं।

विराट कोहली के नाम 500 रन आरसीबी के लिए खेल रहे विराट कोहली ने अब तक इस साल के आईपीएल में 10 मैच खेलकर 500 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक और 4 अर्धशतक हैं। उनका औसत 71.43 का है और वे 147.49 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने नाबाद 113 रनों की पारी भी खेली है। यानी रुतुराज और कोहली के बीच केवल 9 ही रनो का फासला है, जो कभी भी खत्म हो सकता है।




# मुंबई इंडियंस के बाद पंजाब किंग्स का कमाल, CSK के साथ ऐसा करने वाली दूसरी टीम बनी



इंडियन प्रीमियर लीग के *17*वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स ने इस मैच को *13* गेंद रहते *7* विकेट से अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच इस मैच का आयोजन चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में किया गया था। पंजाब किंग्स की टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत के साथ ही एक खास रिकॉर्ड में अब मुंबई इंडियंस की बराबरी भी कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले कुछ सालों में चेन्नई सुपर किंग्स का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है।पंजाब के नाम खास रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की सबसे सफल टीम है। चेन्नई ने इस टूर्नामेंट के *17* सीजन में से पांच बार खिताब अपने नाम किया है। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने एक भी बार खिताब नहीं जाता है। ऐसे में पंजाब किंग्स ने जो रिकॉर्ड चेन्नई जैसी टीम के खिलाफ बनाया है, वह बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। दरअसल आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स को अब पंजाब किंग्स ने लगातार *5*वीं बार हराया है। सीएसके की टीम साल *2021* से पंजाब के खिलाफ एक भी मैच नहीं जीत सकी है। इससे पहले सिर्फ मुंबई इंडियंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स को लगातार पांच मैच में हरा सकी थी।

## कैसा रहा मैच का हाल

*IPL 2024* का *49*वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। टीम ने *20* ओवर में *7* विकेट के नुकसान पर *162* रन बनाए। रुतुराज गायकवाड़ ने *62* रनों की पारी खेलकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब किंग्स ने *7* विकेट से जीता मुकाबला। टीम ने *18*वे ओवर में *3* विकेट के नुकसान पर *163* रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो ने *46* रनों और रिली रोसो ने *43* रनों की पारियां खेलकर टीम को जीत दिलवाई।

